हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 14 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

14 ननकट्ठी की परंपरागत होली पर्व में है संस्कृति, संस्कार व समरसता का संगम



14 एरियर्स सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन





## जिला व सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की विशेष ड्यूटी, ऑन कॉल पर रहेंगे नेत्र रोग विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अलग खबर

होली पर्व पर सरकारी अस्पतालों की ओपीडी बंद रहेगी। इमरजेंसी के लिए अस्पतालों की केजुअलिटी खुली रखी जाएगी। यहां डॉक्टरों व स्टॉफ की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। तीन शिफ्टों में छह डॉक्टर ड्यूटी देंगे। यानी एक पाली में दो डॉक्टरों को लगाया गया है। इसी तरह नर्सेस व पुरूष स्टॉफ की भी विशेष ड्यूटी केजुअलिटी में लगाई गई है। इनकी संख्या भी आम दिनों से एक ज्यादा रहेगी। सुबह, दोपहर और रात को ये शिफ्ट के हिसाब से अपनी सेवाएं देंगे।

### होली पर्व पर घटनाओं के मद्देनजर विशेष इंतजाम



### विशेष ड्यूटी के निर्देश

होली त्योहार में ओपीडी बंद रहेगी। लेकिन केजुअलिटी खुली रहेगी। तीन शिफ्ट में दो-दो डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके निर्देश उच्चाधिकारियों से मिले है। स्पेशलिस्ट डॉक्टर ऑन कॉल पर रखे गए हैं। इमरजेंसी मामलों में ये तत्काल अस्पताल पहुंच जाएंगे।

**डॉ. पियम सिंह,** प्रभारी सिविल अस्पताल सुपेला

### कॉल पर रहेंगे ये तीन स्पेशलस्टि

होली पर हुडदंग और मारपीट की घटनाएं भी होती है। इसलिए चिकित्सा व्यवस्था भी इस पर्व पर दुरूस्त कर दी गई है। इसके अलावा रंग.गुलाल खेलते समय आखों में केमिकलयुक्त रंग चला जाता है। इससे आखों में समस्या आ जाती है। तत्काल उपचार से इससे बचा जा सकता है। इसलिए जिला अस्पताल प्रबंधन ने जिला अस्पताल व सिविल अस्पताल सुपेला में नेत्र रोग विशेषज्ञ, मेडीसीन स्पेशलस्टि डॉक्टर और आर्थो स्पेशलस्टि डॉक्टरों को कॉल पर रहने के निर्देश दिए हैं।

## मरीजों पर चढ़ी होली की खुमारी, अस्पतालों से 60% मरीज त्योहार मनाने अपने घर रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

होली पर्व की खुमारी मरीजों पर भी चढ़ने लगी है। सरकारी अस्पतालों में 50 से 60 प्रतिशत बेड खाली हो गए हैं। इसलिए कि यहां के मरीज अपने घरों में होली पर्व मनाने चले गए हैं। अस्पतालों में केवल वे ही मरीज भर्ती है जो अपनी सेहत की वजह से जा नहीं सकते या फिर बेड पर ही हैं। जिसमें आपरेशन वाले मरीज हैंद्ध ज्यादातर मरीज खुद होकर अपनी छुट्टी अस्पताल से करवा ली है।

### जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ज्यादातर बेड खाली




जिला अस्पताल 450 बेड का अस्पताल है। दो दिन पहले तक यहां के ज्यादातर बेड भरे थे लेकिन वर्तमान में केवल 250 मरीज ही हैं। इसी तरह सिविल अस्पताल सुपेला 100 बिस्तर का है। इस अस्पताल में आधे से कम मरीज हैं। आम दिनों में यहां 60 से 70 मरीज भर्ती रहते हैं लेकिन वर्तमान में केवल 55 मरीज ही भर्ती हैं। जिले के 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं जिसमें से केवल रिसाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की भर्ती की सुविधा नहीं है। शेष सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई, पाटन, झीट, अहिवारा, कुम्हारी, धमधा व निकुम में भी मरीज भर्ती रहे हैं। यहां भर्ती मरीजों का टोटा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के मरीज होली मनाने घर चले गए हैं।

**स्वेच्छा से जाने वाले फिर लौटेंगे:** डॉक्टरों ने बताया कि जो मरीज अपनी स्वेच्छा से गए हैं उनसे लिखित में लिया गया है। वे गंभीर नहीं हैं और उनके स्वास्थ्य का फालोअप भी लिया जाना है। दो दिन के त्योहार के बाद ऐसे मरीज फिर से अस्पताल में आएंगे और अपना नियमित इलाज जारी रखेंगे। मरीजों को एहतियातन तीन दिन की दवा भी अतिरिक्त रूप से दिलाई गई है। इन मरीजों के फोन नंबर भी रखे गए हैं।





### पर्व: हर गली-मुहल्लों में होलिकोत्सव की रही धूम

## भद्रा की वजह से देर रात जली ट्विनसिटी में होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

इस बार होलीकोत्सव पर भद्रा का साया रहा। जिसकी वजह से गुरुवार की देर रात साढ़े 11 बजे के बाद होलिका जलाई गई। वही सुबह ही फाल्गुन महीने की शुरूआत 10.35 को हुई और इसी के साथ सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा फूल, अबीर, गुलाल से होली उत्सव भी प्रारंभ हुआ। जगह-जगह होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और होलीकोत्सव मनाया। दुर्ग भिलाई में 500 से ज्यादा जगह होलिका दहन किया गया। कई जगह भद्रा होने के बाद भी होली जलाई गई। दुर्ग, पटरीपार, बोरसी, रामनगर, सुपेला, रूआबांधा, रिसाली, वैशालीनगर, बैकुंठधाम, हाउसिंग बोर्ड, छावनी, नेहरूनगर, स्मृतिनगर, सेक्टर एरिया, भिलाई तीन सहित सभी इलाकों में होली जलाई गई।

### कपूर, गोबर के कंडे से होली

दुर्ग व भिलाई में कई जगह कपूर , गोबर के कंडे और लकड़ियों से होली जलाई गई। मोहल्ले के लोग एक साथ एकत्र हुए। होलिका की विधि विधान से पूजन की और नारियल भेंट किए और फिर होली जलाई। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पुरूष एकत्र होकर हर्षोल्लास से होली मनाई। इस दौरान नगाड़े की थाप और फाग गीतों का नजारा भी कई जगह दिखा। बीच-बीच में रंग-गुलाल उड़ाते रहे और होली का आनंद लिया। देर रात तक यह सिलसिला ट्विनसिटी में चलता रहा।

### आज खेलेंगे रंगों की होली

ट्विनसिटी के हर कालोनी, बस्ती और सेक्टरों में जगह-जगह होलिका दहन करने की तैयारी की गई थी। होलिका दहन के दूसरे दिन यानी शुक्रवार को फाल्गुन उत्सव है। इसलिए जगह-जगह पिचकारी और रंग-गुलाल की दुकानें सजी हुई है। विभिन्न प्रकार के मुखौटे भी बिक रहे हैं। जिसकी जमकर खरीदारी लोगों ने की। बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया। रंग खेलने के लिए होलियारों की टोली भी निकलेगी। नगाड़ों के साथ होलियारों की टोली अपने मुहल्लों में घूम- घूम कर होलिकोत्सव मनाएगी।




आप सभी को
खुशियों और रंगों
का त्योहार
होली की
हार्दिक
शुभकामनाएं
होली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
भोजराम यादव
पूर्व विधायक प्रतिनिधि पाटियाकला
अध्यक्ष - यादव समाज पाटियाकला
बुराई पर अच्छाई की
जीत का प्रतीक
होली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
होली का ये पूर्व आपकी जिंदगी को
खुशी और उल्लास से भर दे।
सौरभ
टोपेश साहू
धनराज
होली महापर्व
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी
शुभकामनाएं।
देव मिश्रा
भिलाई
होली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
भोजराम साहू
लक्ष्मी वस्त्रालय
संतु सायकल
राजा जनरल स्टोर्स
भालुकोनहा-8839768807
रंगों के पावन पर्व
होली
के शुभ अवसर पर
आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं।
दिनेश मिश्रा
SRI
TAO BAO THE KOREAN CAFE
ओम परिसर दुर्ग मो.: 7000597760
होली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती लीना दिनेश देवांगन
पार्षद
वार्ड 04, गयानगर, दुर्ग
दिनेश देवांगन
पूर्व सभापति
दुर्ग
SINCE-1976
ADMISSION
OPEN Session 2025-26
MAHARSHI DAYANAND
ARYA HIGHER SECONDARY SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
NUR TO CLASS 12TH
ALL SUBJECTS
(C.G. Board)
The Best Education
for Your Children
Gaya Nagar, Durg (C.G.), Ph.: 0788-2357613
Email : mdavgn222@gmail.com
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
भूषण देशमुख
उपसरपंच ग्राम पंचायत चिंगरी
दुर्ग लोकसभा के लोकप्रिय सांसद
मा. विजय बघेल जी को
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
15
मार्च
होली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
मा. विजय बघेल जी
रामखिलावन यादव
सदस्य-बंधक श्रम सतर्कता एवं निगरानी
समिति ब्लॉक दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व सरपंच-समदा
रंगों का महापर्व होली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
संतोष कुमार टंडन
राजकुमार टंडन
माही पान पैलेस
अटल चौक, अंडा

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 14 मार्च 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 9755819129

लाइव इवेंट

## बालाजी मंदिर की कर्ताधर्ता आंध्र साहित्य समिति का चुनाव 23 को



**भिलाई।** आंध्र साहित्य समिति के चुनाव का बिगुल फूंक दिया गया है। चुनाव अधिकारी एमडी रेड्डी तथा सहायक चुनाव अधिकारी बी सुधाकर द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मतदान 23 मार्च को होगा। यह समिति मंदिर के प्रशासनिक कार्य के अलावा धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन का दायित्व भी संभालती है। इस लिहाज से यह चुनाव आंध्रवासियों के लिए काफी अहम माना जा रहा है। इसी दिन मतगणना होगी और उसके बाद चुनाव परिणामों की घोषणा भी कर दी जाएगी।

यह चुनाव एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्षों, एक सचिव, दो संयुक्त सचिवों, एक कोषाध्यक्ष, एक सहायक कोषाध्यक्ष तथा सात कार्यसमिति सदस्यों के लिए हो रहा है। मतदान के दिन ही सुबह अध्यक्ष पीवी राव के नेतृत्व में वार्षिक आमसभा भी होगी, जिसमें सचिव पीएस राव समिति के 2023-24 के कार्यों का लेखाजोखा पेश करेंगे, वहीं कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर आय-व्यय का ब्यौरा देंगे। आय-व्यय के ब्यौरे की कॉपी 18 मार्च की शाम को उपलब्ध होगी। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्रों की जांच 15 मार्च को होगी और इसके अगले दिन नामांकन पत्रों की वापसी होगी। जबकि अंतिम सूची का प्रकाशन 17 मार्च को किया जाएगा। समिति का कार्यकाल तीन वर्षों का होता है। मताधिकार सिर्फ उन्हीं आजीवन सदस्यों को होगा, जो किसी संगठित क्षेत्र में कार्यरत हों या फिर सेवानिवृत्त हों। पिछली बार के चुनाव में अध्यक्ष पीवी राव के नेतृत्व वाली टीम ने सभी शीर्ष पदों पर इकतरफा जीत दर्ज की थी। जिसमें पीएस राव सचिव, बी अकमु नायडु एवं एनएस राव ने संयुक्त सचिव के रूप में जीत का परचम लहराया था। जबकि के सुब्बाराव उपाध्यक्ष एवं टीवीएन शंकर कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। इसके अलावा कार्यकारिणी के 18 में से 16 स्थानों पर भी पीवी राव की टीम का ही दबदबा था।

सिटी इवेंट

## शिक्षकों ने शिक्षिकाओं के सम्मान में परोसा चाट-गुपचुप, खिलाएं गए गेम्स



**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में महिला शिक्षकों के लिए विभिन्न गेम्स सहित कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां उन्हें परिवार व समाज की निर्माता करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने शिक्षिकाओं के लिए चाट और गुपचुप तैयार कर सम्मान स्वरुप उन्हें परोसा। इस दौरान पूरा वातावरण खुशनुमा बन गया।

प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। आसमान से लेकर के समुद्र तल तक उनकी भूमिका में कोई कमी नहीं आई है। डॉ अजय आर्य ने कहा जो ठान ले वो कर दिखाती है, घर से संसद तक अब वो छाई है, हर मोर्चे पर उसने जीत पाई है। कोई सीता, कोई राधा, कोई झांसी की रानी, हर रूप में नारी ने दुनिया है। इस दौरान पास द पिलो, रैंप वॉक, गीत नृत्य आदि अनेक रोचक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी आयोजनों में महिलाओं की सहभागिता रही। मधु थपलियां ने अपने सेवानिवृत होने के अवसर पर विद्यालय के कर्मचारियों , एवं शिक्षिकाओं को स्मृति स्वरूप टोकन आफ लव दिया। उन्होंने भुनेश्वरी, मंजुला, शकुन,चंद्रिका, झरना, हमेश्वरी, सुमारो, भारती , महेंद्र साहू, कृपाराम लोधी, गोस्वामी , हुमन, किशन, धीरज, मुक्ति, अमित , कांता , लाकेश को उनके कार्य के लिए और विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य उमाशंकर मिश्र विशिष्ट अतिथि प्रेमलता मिश्र द्वारा महिला शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान पुष्पा बड़ा, नीता दास, शीला चाको, सतविंदर कौर गहिर, उषा शर्मा, बिन्दु शिवराजन, राहत तसनीम, गीता माली, राखी श्रीवास्तव, प्रतिष्ठा मिश्रा, वंदिनी साहू, रचना पाल, रोशनी, संजु कुमारी सहित सभी महिला स्टाफ का सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्वल्पाहार की व्यवस्था भी अत्यंत रोचक ढंग से की गई। सभी के लिए चाट और गुपचुप की व्यवस्था शिक्षकों ने चार्ट और गुपचुप तैयार करके शिक्षिकाओं को परोसा।चाट गुपचुप तैयार करने में पोषण लाल साहू एमके भारद्वाज, सतीश धीवर, आशुतोष सिंह, पुरुषोत्तम साहू आदि ने विशेष भूमिका निभाई।



● 20 किलो फूल की पंखुड़ियों से खेली फूलों की होली, डीजे की धुन पर जमकर थिरके यूथ हॉस्टलर्स

# प्री होली सेलिब्रेशन में मचाई धूम, दर्शाया बरसाने की लठ्ठमार और कैलाश होली, राधा-कृष्ण पर परंपरानुसार लगाया अबीर- गुलाल

ट्विनसिटी में विभिन्न स्थानों व संस्थानों में थीम बेस्ड प्री होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया जा रहा है। जहां महिलाएं, बच्चे और युवाओं सहित सभी वर्गो के लोग होली के जश्न में डूबे चुके है। इसी कड़ी में नृत्य कला मंदिर रिसाली द्वारा ठेठवार भवन में फूलों की होली का आयोजन किया गया। इस दौरान एकेडमी के सदस्यों ने बरसाने की लठ्ठमार होली, कैलाश की होली, ब्रज की होली और अवध की होली खेली गई। डायरेक्टर रानी नंदिनी ने बताया कि एकेडमी में हर साल होली में धूमधाम से होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया जाता है। इस बार फनी रैंप वॉक के साथ ही साधू के रुप में सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सांसद पत्नी रजनी बघेल, डॉ मानसी गुलाटी, चैंबर ऑफ कामर्स की महिला विंग महामंत्री सुमन कन्नौजे, महिला रक्षा टीम की एएसआई संगीता मिश्रा, प्रभा गुप्ता संस्कार बुटिक, जया दुबे पुलिस काउंसलर, पार्षद वीणा चंद्राकर, स्मिता दौड़के, ललिता सिंह सहित अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित थी।










**भिलाई।** ट्विनसिटी में होली के त्योहार को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। शहर के कॉलेजों में स्टूडेंट्स की होली की शुरुआत तो कई दिन पहले ही हो गई। होली के मौके पर रंगों से सजी ऐसी ही एक शानदार शाम गुरुवार को रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज में देखने को मिली। यहां स्टूडेंट्स और फैकल्टीज के लिए विशेष होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पूरी तरह से हर्बल रंगों की इस होली में फूलों और अबीर-गुलाल के साथ होली खेलकर उत्सव की शुरुआत हो गई। फैकल्टी ने परंपरा के अनुसार सबसे पहले राधा रानी और भगवान कृष्ण पर गुलाल चढ़ाया। इसके बाद रंगों की फुलकारी में सभी मग्न हो गए। गहरें रंगों की यह शाम यादगार बन गई। फैकल्टीज ने एक-दूसरे पर गुलाल बम फेकें। एक दूसरे को पिचकारी और गीले रंगों ने सराबोर कर दिया। ढोल मृदंग और मजीरे की थाम भी रूंगटा कैंपस में शानदार अहसास करा रही थी। सभी अपने सार्थियों को इस होली दिल खोलकर रंगों को अपनाने की अपील करते दिख रहे थे। रूंगटा परिवार के मुखिया चेयरमैन संतोष रूंगटा, डायरेक्टर सोनल रूंगटा, डॉ. सौरभ रूंगटा और तमाम ग्रुप डायरेक्टर्स ने भी इस होली में प्रत्यक्ष हिस्सेदारी निभाई और फैकल्टीज के साथ जमकर होली खेली।

### फाग गीतों से गूंजा कैंपस

कॉलेज के डीन ईसीएस डॉ. सत्यधर्म भारती ने बताया कि, रूंगटा कैंपस में खेली गई होली का उल्लास केवल रंगों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भजन-कीर्तन और फाग गीतों के माध्यम से पूरे वातावरण को रंगमय बना दिया। सभी ने आज बिरज में होली रे रसिया और रंग बरसे भीगे चुनर वाली जैसे पारंपरिक फाग गीत गाए। इस मौके पर सभी फैकल्टीज ने होली के गीतों पर जमकर डांस भी किया। रंग बिरंगे गुलाल के बीच सभी ने इस होली मिलन कार्यक्रम को खूब पसंद किया। कैंपस की इस खास होली में फैकल्टीज ने कई सारे गेम्स भी खेले।

### होली के पकवान बने खास

रूंगटा कैंपस के इस होली मिलन कार्यक्रम में लगभग 300 फैकल्टीज ने भाग लिया और अपने साथियों के साथ जमकर होली खेली। इस मौके पर सभी के लिए ठंडाई का इंतजाम भी रखा गया था। कार्यक्रम में बिखर रहे रंगो के बीच सभी के लिए होली स्पेशल स्वल्पाहर की व्यवस्था भी की गई। इसमें दही बड़े, कचौड़ियो, गुजिया, रसगुल्ला, भजिए, चाट पकौड़े आदि शामिल रहे। सभी ने इन होली स्पेशल पकवानों का खूब लुत्फ उठाया।

### एकता का संदेश देती होली

चेयरमैन संतोष रूंगटा ने संदेश दिया कि होली सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि अन्याय के अंत और धर्म की स्थापना का पर्व है। यह पर्व प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करता है। इसी उद्देश्य से होली के दिन लोग एक-दूसरे को गले लगाते हैं और आपसी वैमनस्य को भूलकर प्रेमपूर्वक रंग खेलते हैं।

## होली मिलन समारोह बैगा एथनिक रिसॉर्ट चिल्फी में सम्पन्न हुआ




यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई एवं राजनांदगांव इकाई का होली मिलन समारोह बैगा एथनिक रिसॉर्ट चिल्फी में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सदस्यों ने फूलों से होली खेली और डीजे पर होली के गानों के साथ जमकर डांस भी किये।

भिलाई इकाई प्रेसिडेंट ऋषि कांत तिवारी, चेयरमैन के. सुब्रमण्यम एवं राजनांदगांव समन्वयक मिनेश मिश्रा ने बताया कि घर से दूर खुले वातावरण में कोलाहल एवं शोर शराबे से मुक्त चाँदनी रात में होली खेलना एक अलग ही सुखद अहसास रहा। इसके लिए गेंदा फूल की 18 से 20 किलो पंखुड़ियों की व्यवस्था की गयी थी। यूथ हॉस्टल्स के सदस्य एक दूसरे पर पंखुड़ियाँ डाल डाल कर देर रात तक खुशियां मनाते रहे। मुँह मीठा कर एक दूसरे को होली की बधाई और शुभकामनाएं भी दी। सदस्यों ने इसे एक बेहतरीन और यादगार होली मिलन बताया। आयोजन को सफल बनाने में कमल साहू,ममता साहू,संजय साहू, शांति साहू,ऋषि कांत तिवारी, श्वेता तिवारी, सुबोध देवांगन,ओमकुमारी देवांगन,महेन्द्र देवांगन, भूमिका देवांगन, हेमलाल देवाँगन, लीना देवाँगन, जयप्रकाश साव, भारती साव, राजेश मराठे,शिल्पा मराठे, सुधीर अवधिया, कल्पना अवधिया, हरदेव सिंह गिल, मंजीत कौर गिल, विनय शुक्ला, अनिता शुक्ला, थानेश्वर साहू, प्रीति साहू, किशोर छबलानी, लिगेन्द्र वर्मा, संजीव कुमार सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, अरुणाभ बिसेन, प्रज्ञा बाम्बेश्वर, अंशुल देवांगन, सविता सिंह, पंकज मेहता, प्रकाश ठाकरे, के. श्रीराम, सुनील पंधारे, सतीश शर्मा, अभय तिवारी, अविनाश तिवारी, दिलीप वर्मा और प्रवीण गुप्ता सहित अन्य सभी सदस्यों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।



## न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई में मनाई होली




**भिलाई।** न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई ने बुधवार की शाम आकाश गंगा स्थित गार्डन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में सासंद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। क्लब के अध्यक्ष टी सूर्या राव, महासचिव खिलावन सिंह चौहान और वरिष्ठ उपाध्यक्ष जे एम तांडी ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रेस के साथियों ने मिलकर होली खेलकर एक- दूसरे को शुभकामनाएं दी।

फेश वॉश पीएच स्तर को बैलेंस कर चेहरे पर लाएगा चमक और ताजगी ब्यूटीशियन अनुपमा ने बताएं टिप्स

# होली के रंग खुशियों के संग, खेलने से पहले लगाएं तेल, यह करेगा बैरियर का काम

कार्नर न्यूज

भिलाई। रंगो व मस्ती का त्यौहार होली का रंग होली से पहले ही सब पर पड़ चुका है। शुक्रवार को यह त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। लेकिन होली खेलने से पहले कई बातों का ध्यान रखना जरुरी है वरना बाद में पछताना भी पड़ सकता है। होली पर बच्चें, युवा, महिला, पुरुष व बुजुर्ग सहित सभी वर्गो को अपनी त्वचा, बाल और आंखों का ध्यान रखना बहुत जरुरी होता है। जिसके लिए ट्विनसिटी की सीनियर ब्यूटीशियन अनुपमा सोनी ने कई जानकारी व टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि होली के त्यौहार पर थोड़ी सी भी लापरवाही से हमारी त्वचा को बहुत नुकसान हो सकता है। कुछ तरीकों को आजमा कर आप ना सिर्फ रंगों के हानिकारक प्रभाव से बच सकती हैं, बल्कि त्वचा की खूबसूरती को भी निखार भी सकती हैं। रंग छुड़ाते समय रखें इन बातों का ध्यान, एक्सपर्ट ने बताएं टिप्स



होली रंगों के बिना अधूरी लगती है। रंग खेलने के बाद स्किन में ड्राईनेस जैसी समस्या पैदा हो जाती है। ऐसे में रंग खेलने से पहले और रंग छुड़ाने के दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। होली का त्योहार है। ऐसे में घर से लेकर ऑफिस तक में लोग रंग लगाने को तैयार हैं। रंगों से खेलने का मजा तो बहुत है लेकिन जब केमिकल वाले रंग स्किन से छूटते नहीं और स्किन को नुकसान पहुंचाते हैं। तो सारा मजा किरकिरा हो जाता है। इस होली अगर आप रंगों के नुकसान से बचना चाहते हैं तो होली खेलने से पहले और उसके बाद रंग छुड़ाने को लेकर कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें।

### ठंडे पानी से करें फेस वॉश

ब्यूटीशियन अनुपमा ने बताया कि होली खेलने के बाद आपको जल्द से जल्द अपने चेहरे से रंगों को साफ करने की जरूरत है। लेकिन एक ही दिन में पूरा रंग छूड़ाने की कोशिश में न रहे। रंगों के निशान हटाने के लिये ठंडे पानी के साथ अपने चेहरे को प्लांट-बेस्ड तत्वों से बने फेस वॉश से धोएं, जो आपकी स्किन टाइप को सूट करे। अच्छी मात्रा <B>में<B> सनस्क्रीन लगाएं, नाखूनों की देखभाल, फुल स्लीव्स के कपड़े पहनें, हल्की सफाई से शुरुआत करें, अपनी <B>त्वचा<B> को मॉइस्चराइज़ करें, स्किन को रीहाइड्रेट करें।

### स्कीन को हाईड्रेट रखने पीते रहे पानी

स्किन को किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए हाइड्रेशन जरूरी है। इसलिए होली खेलने से पहले और बाद में पानी पीने पर खास ध्यान दें। पर्याप्त मात्रा में पानी शरीर के टॉक्सींस को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके साथ ही स्किन पर बिना महक वाले मॉइश्चराइजर को लगाएं। खेलने से पहले स्किन पर नारियल या बादाम के तेल की अच्छी मसाज करें। जिससे ये तेल स्किन पर बैरियर का काम करें और रंगों के धब्बे स्किन पर पड़ने से रोके।

### स्क्रब करने से बचें

रंगों को छुड़ाने के लिए या रंग खेलने के कुछ दिन तक स्किन पर स्क्रब करने से बचें। हार्ड स्क्रब त्वचा में जलन और इरिटेशन पैदा कर सकती है।

## खबर संक्षेप



### नवनिर्वाचित सरपंच कौशल्या ने पदभार संभाला

**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत भरर नवनिर्वाचित सरपंच कौशल्या छबिलाल साहू ने निवर्तमान सरपंच गरिमा अशोक भारदीय से पदभार ग्रहण किए। इस अवसर पर पूर्व सरपंच वर्तमान पंच छबिलाल साहू, सचिव खेमसिंह यदु विशेष रूप से उपस्थित रहे। जानकारी के मुताबिक सरपंच निर्वाचित होने के बाद कौशल्या छबिलाल साहू दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल निवास जाकर आशीर्वाद लिए थे। भाजपा में शामिल होने के बाद सरपंच ने गुरुवार को होलिका उत्सव आयोजित कर एक दिवसीय फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता में सांसद विजय बघेल, योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा सहित दुर्ग जिला एवं भाजपा जामगांव आर मंडल के नेताओं को आमंत्रित कर बुलाए और शानदार स्वागत सत्कार किए।

### समोदा में अनुज को बना उपसरपंच



**अंडा।** ग्राम पंचायत समोदा में भाजपा समर्पित अनुज राम निषाद को उपसरपंच चुना गया जिससे गांव में सर्व समाज में खुशी की लहर है। उपसरपंच चुनाव में दो प्रत्याशी थे जिसमें कांग्रेस समर्पित सरपंच अरुण गौतम के पक्ष से शीतल साहू और भाजपा समर्पित अनुज राम निषाद थे। शीतल साहू को 10 वोट और अनुज राम निषाद को 11 वोट के साथ विजयी प्राप्त हुआ। इस अवसर पर 11 पंचों के साथ क्षेत्रीय विधायक राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा से मुलाकात किया गया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र यादव, चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. सुखनंदन देशमुख, बुथ अध्यक्ष जितेंद्र निषाद, योगेंद्र देशमुख, लेख राम यादव, दीपक देशमुख, टोमन देशमुख, सावन निषाद, ढाल सिंह देशमुख, नरेंद्र निषाद, रामेश्वर देशमुख, रोहित डहरिया, लता लहरे, माहेश्वरी भारती, हेमलता देशमुख, वेनिका देशमुख, त्रिवेणी निषाद, सरिता निषाद, तरुण निषाद, सीता निषाद, पंचू निषाद, शांता सोनवानी,थानू सोनवानी एवं श्री घनश्याम साहू जी जेवरा सिरसा मंडल आदि उपस्थित थे।

## होली पर्वः ननकट्टी में होलिका दहन की परंपरा निर्विघ्न रूप से निभाई जाती है

# ननकट्टी की परंपरागत होली पर्व में है संस्कृति, संस्कार व समरसता का संगम

लोकेश्वर सिंह ठाकुर ▶▶| ननकट्टी

आधुनिकता की तेज रफ्तार के बीच जहां परंपराएं धीरे-धीरे विलुप्त हो रही हैं, वहीं ग्राम ननकट्टी में आज भी होली का पारंपरिक स्वरूप जीवंत है। यहां होलिका दहन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, संस्कृति और संस्कारों की अनमोल विरासत है। गांव के गणमान्य नागरिकों, बुजुर्गों और युवाओं की उपस्थिति में ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ होलिका दहन किया जाता है। अगली सुबह होली की राख का टीका लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं देने की परंपरा भी निभाई जाती है। विशेष बात यह है कि गांव के युवा और बुजुर्ग मिलकर घर-घर जाकर, चौक-चौराहों और श्री हनुमान मंदिर में 'डंडा नृत्य' करते हैं, जो आशीर्वाद, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। बदलते समय के साथ बदलती होली करीब दो दशक पहले तक फाल्गुन माह का आगमन होते ही गांव होली के रंग में रंगने लगता था। हर घर में तैयारी शुरू हो जाती थी और जैसे ही शाम ढलती, होली गीतों की टोली गांव के किसी एक स्थान पर एकत्रित होकर देर रात तक भजन-कीर्तन और होली के पारंपरिक गीत गाती। इन गीतों में देवी-देवताओं की स्तुति होती, जीवन के रस से भरी कहानियां होती और गांव की खुशहाली के संदेश गूंजते, लेकिन अब ये परंपराएं धीरे-धीरे विलुप्त होने के कगार पर हैं। जहां कभी गांव के बच्चे, युवा और बुजुर्ग मिलकर पारंपरिक ढोलक, मंजीरा और खंजरी की थाप पर झूमते थे, वहीं आज उनकी जगह ध्वनि विस्तारक यंत्रों से बजने वाले रिकॉर्डेड गीतों ने ले ली है। संस्कारों के इस बदलाव को संभालने की जरूरत है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस सांस्कृतिक धरोहर को समझ और महसूस कर सकें। गांव की एकता और संस्कृति का प्रतीक ग्राम ननकट्टी के बाजार चौक में हर साल होलिका दहन की परंपरा निर्विघ्न रूप से निभाई जाती है। पहले गांव के युवा माहभर पहले से सूखी लकड़ी और गोबर के कंडे एकत्र करते थे, लेकिन अब ग्राम पंचायत और ग्राम विकास समिति इसकी व्यवस्था करती है। शुभ मुहूर्त में ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पारंपरिक 'चीकमीक पत्थर' की चिंगारी से होलिका दहन किया जाता है। यह प्राचीन परंपरा गांव की संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का जीवंत प्रमाण है। होलिका दहन के बाद गांव के लोग एक-दूसरे को गले लगाकर, टीका लगाकर और मिठाई बांटकर होली की शुभकामनाएं देते हैं। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति, पंचायत पदाधिकारी, गांव के गणमान्य नागरिक और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहते हैं।

युवा और बुजुर्ग मिलकर घर-घर जाकर, चौक-चौराहों और श्री हनुमान मंदिर में करते हैं 'डंडा नृत्य'





### स्कूली बच्चों ने जमकर खेली होली

स्कूलों में गुरुवार को अवकाश नहीं होने की वजह से बच्चे पहुंचे। यहां बच्चों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होलिकोत्सव का जमकर आनंद उठाया। होलिकोत्सव के इस दिन को यादगार बनाने के लिए रंग गुलाल से सरोबार होकर ग्रुप फोटो खिंचवाई। सेल्फी ली और अपने अपने मोबाइलों के स्टेट्स में डाला।



### सरकारी दफ्तरों में उड़े रंग-गुलाल

सरकारी और निजी कंपनियों के विभागों में होलिका के दिन ही अधिकारियों व स्टॉफ ने रंग-गुलाल उड़ाए। दफ्तरों में पूरे दिन होलीकोत्सव का नजारा दिखा। कर्मचारी अपने उच्च अधिकारियों को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनांए देते रहे। दूसरे पहर दफ्तरों में रंग-गुलाल खूब खेले गए। एक तरह से छुट्टी जैसा माहौल बन गया। कई जगह नगाड़े भी लेकर कर्मचारी होली का लुत्फ उठाते दिखे।

## जुनवानी से भिलाई तक 3 किमी सड़क निर्माण के लिए 25 करोड़ रूपये स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रयास से नगर पालिक निगम भिलाई के जुनवानी से भिलाई तक 3 किलोमीटर तक सड़क निर्माण कर इस मार्ग के सौंदर्यीकरण के लिए 25 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरोत्थान योजना में प्रस्तावित इस कार्य के लिए निगम भिलाई आयुक्त से डीपीआर प्रस्तुत करने कहा है। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि राज्य शासन के बजट वर्ष 2025-26 में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के लिए नवीन परियोजना अंतर्गत नगरोत्थान योजना में वैशाली नगर विधानसभा में इस कार्य के लिए 25 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया है। इस राशि से नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत जुनवानी पेट्रोल पंप से भिलाई पंहुच मार्ग तक नहर में ह्यूज पाईप डालकर 3 किलोमीटर तक सड़क निर्माण होगा और सड़क के दोनों ओर सौंदर्यीकरण भी किया जाना है। तीन किलोमीटर तक इस सड़क के निर्माण से जुनवानी से भिलाई तक व्यवस्थित पहुंच मार्ग होने से लोगों को सुविधा होगी तथा उन्हें अन्य मार्ग से होकर घूमते हुए अतिरिक्त दूरी अब नहीं तय करनी पड़ेगी। सड़क निर्माण के साथ ही नहर में ह्यूज पाईप डालकर उसे भी व्यवस्थित किया जाएगा। निर्माण कार्य का विस्तृत प्रोजेक्ट तैयार कर भिलाई निगम जल्द डीपीआर प्रस्तुत करेगा ताकि निर्माण कार्य प्रारंभ हो सके।



- नगरीय प्रशासन विभाग ने भिलाई आयुक्त से मंगाया डीपीआर

## एरियर्स सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने इस मौके पर वेतन विसंगति दूर करने, चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान दिलाने, लंबित महंगाई भत्ते का एरियर्स का भुगतान सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल ने होली से पहले अधिकारी-कर्मचारियों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस मौके पर मुख्यमंत्री को विभिन्न मांगों के संबंध में 5 सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा। प्रांतीय संयोजक श्री कमल वर्मा ने बताया कि ज्ञापन में जुलाई 2019 से लंबित महंगाई भत्ते का एरियर भविष्य निधि खाते में समायोजित करने की मांग की गई है। इसी प्रकार विभिन्न संवर्गों के वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने शासकीय सेवकों को चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24 एवं 32 वर्षों की सेवा पर प्रदान करने मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में अर्जित अवकाश का नगदीकरण 300 दिवस करने की मांग की गई। कमल वर्मा ने बताया कि शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों के लिए राज्य के मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों से कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की मांग भी की गई है। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में बीपी शर्मा, चंद्रशेखर तिवारी, सतीश मिश्रा, पंकज पांडेय, राजेश चटर्जी, सत्येंद्र देवांगन, अजीत दुबे, जय कुमार साहू, ऋतु परिहार, उमेश मुदलियार, राजेंद्र चंद्राकर, पीतांबर पटेल और संतोष कुमार वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## अंचल की खबरें

### शान्ति सौहाद्र बनाये रखने हुआ होली मिलन समारोह



**अंडा।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग विकास संगठन ने विभिन्न स्थानों पर शान्ति सौहाद्र बनाये रखने होली मिलन समारोह का कार्यक्रम रखा। जिसमें संजय नगर, संतोषी नगर, मठपारा, टिकरापारा सहित अनेक जगहों पर मनाया गया जो आगे भी जारी रहेगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने खूब नगाड़ा बजाया और समाज प्रमुखों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किये जिसमें पारंपरिक फाग गीत मुख मुरली बजाए भगवान कृष्ण पर आधारित था इसी प्रकार से दुकालू यादव द्वारा गाए गए गीत ऑटो वाले भाटो जैसे अनेक प्रचलित गीत आकर्षण के केंद्र रहे। इस अवसर पर कुर्मी समाज के युवा अध्यक्ष गोपाल वर्मा, मरार समाज के कर्मचारी संगठन अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पटेल, देवांगन समाज के युवा अध्यक्ष चंद्रेश देवांगन, समाज के अध्यक्ष योगाचार्य महेंद्र वर्मा, बादल निर्मलकर, जोहनदास बंजारे, अशोक बंजारे, सोनकर समाज के अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर, घासीराम साहू, देवलाल साहू, रामाधार साहू, आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुरेश नेताम, नंद कुमार सोनकर, पवन विश्वकर्मा आदि अनेक सामाजिक मुखिया ने अपने गायन की प्रस्तुति की जिससे सभी समाज जन मंत्र मुग्ध हो गए।

### हर्ष को मुकाम हासिल करने में परिवार से मिली प्रेरणा



**जामगांव आर।** प्रतिभा गांव और शहर की मोहताज नहीं होती जामगांव आर की गलियों में सीधा साधा बच्चों के साथ खेलने वाला बालक हर्ष केला ने साबित कर दिया। सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनकर चाणक्य पूरी नई दिल्ली सेंट्रल रेलवे में सर्विस ज्वाइन कर माता रेखा व पिता रमेश केला को खुशियों का होली उपहार हर्ष ने दिया। हर्ष ने बताया कि उनकी बुआ किरण की पुत्रियों को पढ़ाई में मुकाम हासिल करते देख उन्हें जबरदस्त प्रेरणा मिली। बीआईटी भिलाई से बीटेक करने के बाद गेट परीक्षा की तैयारी में जुट गए इसी बीच एमटेक भी हो गया। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में पापा रमेश केला के साथ व्यवसाय में हाथ बटाते हुए आनलाइन पढ़ाई जारी रखा। प्रतिभाशाली हर्ष केला ने सीजीपीईटी में 35000 बच्चों ने परीक्षा दी थी जिसमें हर्ष को 711 रैंक मिला था। इसी प्रकार गेट एमटेक के लिए 1 लाख 15 हजार बच्चे परीक्षा में बैठे थे जिसमें हर्ष को 1137 रैंक मिला था। फरवरी 2025 में सेंट्रल रेलवे इन्फॉर्मेशन सिस्टम चाणक्य पूरी नई दिल्ली में सॉफ्टवेयर इंजीनियर पद पर ज्वानिंग लेकर जामगांव आर माता पिता के पास आए हर्ष केला ने हरिभूमि को बताया कि यह ज्वाइनिंग पड़ाव नहीं है परीक्षाओं सफर जारी है और भी नई-नई मंजिलों की तलाश में।

### जनपद सदस्य बेला ने निकाली आभार रैली



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13 के जनपद सदस्य बेला यादव ने चिंगरी, भरदा, कोनारी, अछोटी में अभार रैली किया गया। इस अवसर पर अंडा, निकुम भाजपा मंडल अध्यक्ष लीकेश्वर देशमुख, विधायक प्रतिनिधि सचिन कुमार देशमुख, सरपंच चिंगरी पुष्पा वाघमारे, उपसरपंच भूषण देशमुख, सरपंच अछोटी झन्ना दिल्लीवार, उपसरपंच घनश्याम दिल्लीवार, भरदा सरपंच सुनीता भारदीय सहित कार्यकर्ता गण पुकेश्वर देशमुख, दादू साहू, पंच राजेश देशमुख, आशा देशमुख, सुमित्रा, राधा गजपाल, रूपा देशमुख, कामता प्रसाद, गुमेंद्र यादव, टिकेंद्र साहू, लक्की यादव, विकास यादव, युगल यादव, ओमप्रकाश यादव सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे। जनपद सदस्य बेला यादव ने अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर बुजुर्ग लोगों से जीतने का आशीर्वाद लिया और कहा कि भाजपा सरकार के सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...













## शिकसा महोत्सव का हुआ आयोजन

# शिक्षक ही संस्कृति व संस्कार को बचाने के लिये हमेशा प्रयासरत हैं: महापौर अलका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ का राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मेलन व सम्मान समारोह शिकसा महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में संस्थापक व संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन 'आस' के सफल संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, अध्यक्षता गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग शहर, अति विशिष्ट आतिथि ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, अल्का बाघमार महापौर नगर निगम दुर्ग, विशिष्ट अतिथि श्याम शर्मा सभापति नगर निगम दुर्ग, श्रद्धा साहू सदस्य जिला पंचायत दुर्ग व जागेश्वरी मेश्राम छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री, परसराम साहू सलाहकार शिकसा दुर्ग उपस्थित थे। वहीं सरस्वती वंदना हेमा चन्द्रवंशी, राजगीत संध्या पाठक, स्वागत गीत उषा भट्ट, शीर्षक गीत डॉ.प्रमोद आदित्य एवं मनीषा कश्यप, गीत संयोगिता रात्रे, नृत्य मंजूलता मेरसा एवं साथी, निशा महिलांग, अनामिका चक्रवर्ती तथा पुष्पांजलि ठाकुर, पूनम नेताम व कविता नेताम, गीत चन्द्र कुमार चन्द्रा, हरमन कुमार बघेल प्रस्तुत कर कार्यक्रम को संगीत मय किया। सर्वप्रथम संस्था पर विचार डॉ. शिवनारायण देवांगन 'आस' संस्थापक व संयोजक, अध्यक्षीय उदबोधन कौशलेंद्र पटेल प्रातांध्यक्ष व नीता त्रिपाठी प्रातांध्यक्ष म.प्रकोष्ठ, सचिव प्रतिवेदन डॉ. बोधीराम साहू महासचिव ने प्रस्तुत किया।



अतिथियों द्वारा शिक्षकों के रचना साहित्य संकलन 'मै शिक्षक हूं' व संस्था का वार्षिक कैलेन्डर का विमोचन किया गया, द्वार सजाओ रंगोली प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कृत किया गया जिसमें शिक्षक वर्ग में प्रथम शशिकला पाण्डेय, द्वितीय छाया साहू, तृतीय स्थान शिल्पी राय तथा विद्यार्थी वर्ग में प्रथम नैना निषाद, द्वितीय सूर्यकांत वर्मा, तृतीय फाल्गुनी साहू रही। वही 70 शिक्षकों को शिकसा साहित्य सम्मान, 55 शिक्षकों को शिकसा शिक्षाश्री सम्मान, 21 शिक्षकों को शिकसा ज्ञानदीप सम्मान, 60 शिक्षकों को शिकसा दूत सम्मान से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने अपने उदबोधन में कहा शिकसा व भाई शिवनारायण देवांगन से एक परिवारिक रिश्ता 25 वर्ष से बना है संयोजक आस के हर कार्यक्रम में अतिथि के बजाय एक सदस्य के रूप में आकर खुशी का अनुभव होता है और कोई भी कार्यक्रम मिस नही करना चाहता कोई भी कार्यक्रम हो प्रथम प्राथमिकता शिकसा को देता हूं आस सहित सभी को बहुत-बहुत बधाई। अध्यक्षता कर रहे विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि मुझे शिक्षकों के बीच आकर खुशी का अनुभव होता है पहले मैं भी शिक्षक बनना चाहता था पर विधायक बन गया हूं शिक्षकों के लिये जो भी हो सके जरूर करूंगा।

विशेष अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि शिकसा विगत पांच वर्षों से निरंतर रचनात्मक व समाज सेवी कार्यो करते आ रहे भाई शिवनारायण देवांगन के नेतृत्व में निरंतर प्रगति कर रहा है। अति विशिष्ट अतिथि महापौर अलका बाघमार ने कहा कि घर से निकला यही सोच रही थी कि शिकसा क्या है यहां आकर उत्तर मिला कि शिकसा यानी शिक्षक कला व साहित्य अकादमी है। ये बहुत बढ़िया संस्था बनाने के लिये संस्थापक देवांगन को बधाई आज विमोचन करने का अवसर मिला वहीं छत्तीसगढ़ी गीत सुनकर बचपन का याद ताजा हो गया। आज शिक्षक ही संस्कृति व संस्कार को बचाने के लिये प्रयासरत इसके लिए शिकसा परिवार को बधाई देती हूं जो मुझे यहां आने का अवसर प्रदान किया।

# छत्तीसगढ़ की लोककथा को सुन झूम उठे श्रोता

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से अगासदिया संस्था का मंचीय कार्यक्रम ग्राम सिलघट में आयोजित किया गया। लोक गाथा की संगीतक प्रथा लोककथाओं की प्रस्तुति पर केन्द्रित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालोद के कवि अशोक आकाश ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ की कथा परंपरा पर बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। चनैनी, भरथरी, दसमत कयना, पंडवानी, लछिमन जती, देवार गीत, बसदेवा यह सब सुनकर हम बड़े हुए और उन्हीं गाथाओं की प्रेरणा से साहित्य लेखन की ओर आए। उन्होंने इन गाथाओं को समझने सुनने का अवसर देने संस्था का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुनीलाल निषाद ने कहा कि कथा वाचन में जिन सिध्द कलाकारों ने कथा सुनाया उसे हम अपने बुजुर्गों से सुनते आए थे। बचपन में सुनी कथाओं को यहां सुनकर खुशी हुई। संयोजक डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कलाकार गाथाओं की प्रस्तुति के लिए विदेशों में चर्चित हैं। पद्मभूषण तीजन बाई, भरथरी गायिका सुरूज बाई तथा पंथी के कलाकार भाई देवदास बंजारे और पंडवानी की गायिका पद्मश्री उषा बारले ने अपनी कला से छत्तीसगढ़ का नाम दुनियां भर में फैलाया। छत्तीसगढ़ के संस्कृति विभाग ने छत्तीसगढ़ी कलाकारों एवं संस्थाओं को संबल देकर विभिन्न विशेषताओं, कला की विधाओं के संवर्धन संरक्षण की दिशा में हमेशा काम किया है। यहां अलग-अलग विधाओं पर प्रस्तुति देकर छत्तीसगढ़ की मंचीय ताकत को आम जन से जोड़ने का प्रयास किया है। आयोजन में सभी कलाकार तथा सहयोगी राजेन्द्र साहू, मनहरण, महेश वर्मा और ग्रामीणों को बधाई दी। विशेष अतिथि दुर्गा टिकरिहा ने कलाकारों का सम्मान स्मृति चिन्ह, शॉल, श्रीफल देकर किया। राकेश तिवारी ने राजा फोकलवा लोक नाट्य के कुछ गीतों एवं दृष्यों का सस्वर पाठ किया। भरथरी, चनैनी के अंश का भी गायन के माध्यम से राकेश तिवारी एवं राजेन्द्र साहू ने प्रस्तुत किया।








होली रंगोली पर 15 मार्च 2025 को भैय्या की जन्म दिवस आई... दुर्ग लोगसभा के जनप्रिय सांसद विजय बघेल भैय्या को गाड़ा-गाड़ा बधाई
छत्तीसगढ़ महतारी के लाडले सपूत दुर्ग लोगसभा के जन प्रिय सांसद
मान. विजय बघेल जी
को 15 मार्च 2025 जन्म दिवस की आदर सम्मान भरी
बधाई हार्दिक शुभकामनाएं...
आपके अपने भाजपा जामगांव आर मंडल
एवं सनातन संस्कृति के महान पर्व होली रंगोली की
भारत माता के संतानों को
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...
कमलेश साहू
अध्यक्ष-भाजपा जामगांव आर मंडल
श्रीमती कल्पना साहू
जिला पंचायत सदस्य, दुर्ग
मुकेश साहू
निर्मल जैन
रूपसिंह सिन्हा
प्रमोद जैन
नरेश केला
भगवान सिंह चंद्राकर
बेनीराम साहू
योगेश्वर साहू
रामकुमार चंद्राकर
श्रीमती माधुरी नरोत्तम निषाद
श्रीमती पुष्पलता पिंटू जांगड़े
श्रीमती झरना कमलेश साहू
छत्तीसगढ़ महतारी के अनन्य सेवक, दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद
माननीय
श्री विजय बघेल जी
15 मार्च
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
कल्पना नारद साहू
जिला पंचायत सदस्य, दुर्ग
छत्तीसगढ़ महतारी की गोद में सनातन संस्कृति की
महान भक्ति में शक्ति की प्रेरणादाई
होली
पर्व की गांव शहर डगर-डगर नगर-नगर में
देश भक्ति की अलख जगाने वाले देश भक्ति से
ओतप्रोत सभी देश वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं गाढ़ा-गाढ़ा बधाई...
रवि सिन्हा
पुनः नव निर्वाचित जनपद सदस्य, जनपद पंचायत पाटन
ग्राम पंचायत भरर
की ओर से शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय कालेज जामगांव आर भरर
के प्रणेता हमारे लाडले दुर्ग लोकसभा के जन प्रिय माननीय
श्री विजय बघेल जी
को 15 मार्च 2025 जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गाढ़ा-गाढ़ा बधाई...
देशवासियों को महान सनातन पर्व
होली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कौशल्या छबीलाल साहू
सरपंच
छबिलाल साहू
सरपंच प्रतिनिधि
शिवकुमार चंद्राकर
उपसरपंच
खेमसिंह यदु
सचिव
कुशल जनसेवक
जीवन का हर लम्हा कामयाबी का इतिहास लिखे, भैया जिस ओर आपका कदम बढ़े कारवां चले
फतह हो हर मंजिल ऐसा सबका साथ मिले, जिधर देखे उधर कमल ही कमल खिले।
आदरणीय बड़े भैय्या दुर्ग लोकसभा के सम्मानीय सांसद
श्री विजय बघेल जी
को 15 मार्च 2025 जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
शुभेच्छु :- आपका अपना
संकलनकर्ता : आसकरण जैन वरिष्ठ पत्रकार जामगांव आर मो. 94062 68237

# 200 करोड़ के सीवर प्लांट प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार व गड़बड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर निगम में 150 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) परियोजना के लिए निविदा प्रक्रिया चल रही है। लेकिन निविदा पूर्ण होने के पहले ही निगम पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। बोली प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। निगम द्वारा जिस प्रकार की शर्तों के अधीन टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा रही है उससे ये स्पष्ट हो जाता है कि किसी ख़ास कंपनी को पूरा काम प्रदान करने के उद्देश्य से शर्तें लागू की जा रही हैं। शहरी क्षेत्र में मल अपशिष्ट के लिए ऐसे प्लांट की आवश्यकता थी किन्तु इसके लिए निगम द्वारा सोलर एनर्जी में सरकार के साथ 15 वर्षों तक काम करने का अनुभव टेंडर भरने वाली कंपनी के लिए अनिवार्य किया गया है।

## नगर निगम भिलाई में 150 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के टेंडर का मामला




### 15 साल का अनुभव का प्रोजेक्ट से लेना-देना नहीं

अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता सतीश कुमार त्रिपाठी का आरोप है कि सोलर एनर्जी प्लांट में 15 वर्षों के अनुभव से एसटीपी प्रोजेक्ट का कोई लेना देना नहीं है। केवल प्लांट चलाने के लिए आवश्यक विद्युत आपूर्ति के लिए बिजली की आवश्यकता है जो कि सामान्य बात है। लेकिन टेंडर प्रक्रिया में जिस प्रकार से सोलर एनर्जी में सरकार के साथ 15 वर्षों तक काम करने का अनुभव अनिवार्य किया गया है उससे बिलकुल स्पष्ट है कि अपनी मनचाही कंपनी को काम देने के लिए निगम प्रशासन ऐसी अनाप- शनाप शर्तें थोप रहा है। आरोप है कि इस शर्त को कोई कंपनी पूरा नहीं कर सकेगी तब अपनी इच्छित कंपनी को सीधे इसी आधार पर ठेका प्रदान किया जाएगा। इसके लिए बड़ी धन राशि का प्रयोग दलाली के रूप में निगम प्रशाशन के साथ होगा जिसमे संभव है कि कुछ विशिष्ट नेताओं की भी हिस्सेदारी हो। निविदा पहले दो बार जारी की गई थी, और हर बार तीन बोली दाताओं ने भाग लिया था। हालांकि, अनिवार्य सौर अनुभव की आवश्यकता के कारण कोई भी योग्य नहीं हो सका। 4 मार्च 2025 को बोलीदाताओं द्वारा योग्यता मानदंड को संशोधित करने के कई अलग अलग अनुरोधों के बावजूद, उसी प्रतिबंधात्मक शर्त के साथ तीसरी बार निविदा जारी की गई।

### अपने लोगों को फायदा पहुंचाने की कोशिश

त्रिपाठी का कहना है कि भिलाई नगर निगम जानबूझकर निविदा शर्तों को इस तरह से तैयार कर रहा है कि केवल एक ही बोलीदाता योग्य हो, जिससे अनुबंध पहले से निर्धारित पसंदीदा फर्म को दिया जा सके। धांधली स्पष्ट हो रही है क्योंकि सीवर ट्रीटमेंट कार्य में विशिष्ट अनुभव की जगह सोलर एनर्जी में अनुभव की मांग की जा रही है। प्रतिस्पर्धा को खत्म करने और यह सुनिश्चित करने का एक स्पष्ट प्रयास है कि अनुबंध किसी पसंदीदा बोलीदाता को मिले। भिलाई नगर निगम और विशेष बोलीदाता के बीच संभावित सांठगांठ का जल्द ही खुलासा हो जाएगा। जिससे सार्वजनिक कार्य /खरीद में भ्रष्टाचार और पारदर्शिता की कमी के बारे में गंभीर चिंताएँ आम जनता के सामने स्पष्ट हो जाएंगी।भिलाई नगर निगम इस मामले में कोई बात आधिकारिक तौर से कहने से बच रहा है।जैसे-जैसे विवाद सामने आ रहा है, सभी की निगाहें अब इस बात पर टिकी हैं कि क्या प्रशासन सुधारात्मक कार्रवाई करेगा या संदिग्ध परिस्थितियों में परियोजना को आगे बढ़ने देगा। ऐसे भ्रष्टाचार के कारण भिलाईवासियों को बड़ी आवश्यक परियोजनाओं के खटाई में पड़ने की आशंका है। त्रिपाठी ने कहा है कि यदि मनमाने और भ्रष्टाचारपूर्ण तरीके ऐसी बड़ी योजनाओं में दिखाई देंगे तो निगम के विरुद्ध आंदोलन और गंभीर न्यायिक प्रक्रिया भी शुरू होने की संभावना है। इसलिए तत्काल निगम प्रबंधन को उचित कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप



### धमधा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**धमधा।** धमधा थाना प्रभारी द्वारा धमधा नगर एवं थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,व्यापारी,किसान और पत्रकार साथियों के साथ होली त्यौहार के व्यवस्था संबंधित एक शांति समिति की बैठक रखी गई जहां पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद रमन लाल यादव ने पुलिस प्रशाशन से 3 सीट वाहन चालक, बिना हेलमेट हे वहां चालक के लिए ड्रायवाही करने की बात कही, वही धमधा नगर पंचायत के पार्षद चंद्रिका प्रसाद भट्ट ने कहा कि गली गली में होली के नाम पर हुड़दंग करने वाले लोगों के ऊपर सख्त कार्यवाही करने का विचार रखा। वही थाना प्रभारी युवराज साहू ने सभी गणमान्य नागरिकों को अस्वस्थ किया की कोई भी किसी भी प्रकार के लॉ इन ऑडर में कमजोरी नहीं बरती जाएगी कानून व्यवस्था दुरस्त रखी जाएगी। वही श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष निकेत ताम्रकार ने आए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया । इस मौके पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद रमनलाल यादव, पप्पू ताम्रकार, अशोक यादव, पार्षद चंद्रिका प्रसाद भट्ट, मन्ना महोबिया, पवन देवांगन, पार्षद मालिक मोहम्मद कुरैशी, पार्षद डोमार सोनकर, देवीलाल वर्मा,कलीम कुरैशी, मोहन पटेल, अजीत जैन, पत्रकार गण में निकेत ताम्रकार, प्रदीप ताम्रकार आदि उपस्थित थे।

## रंगोत्सव : छलकेगा प्रेम का इन्द्रधनुषी रंग और उड़ेगा मेलजोल का संतरंगी गुलाल

# दिग्गज नेताओं की होगी अनूठी होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भारतीय संस्कृति में रंगों का त्योहार होली एक ऐसा खास पर्व है,जिसमें सभी जाति, मजहब और वर्ग के लोग समरस होकर एक नजर आते हैं। छोटे,बड़े,क्या अमीर और क्या मुफलिस यहां सभी अपने सारे भेदभाव भूलकर प्रेम के रंग में रंग जाते हैं। मिनी इंडिया के नाम से जाने जाने वाले ट्विनसिटी में रंगोत्सव का यह रंग तो और भी चटक है। इस पर हमारे दिग्गज नेताओं की होली तो देखते ही बनती है। सालभर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप और व्यंग्य बाण छोड़ने वाले यह सियासतदान सारे गिले शिकवे को नजरंदाज कर होली पर आमजन में अपनेपन से घुल मिल जाते है। हर साल की तरह कल होली पर इन सियासतमंदों के निवास पर रंगोत्सव की निराली छटा और घटा होगी। पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडे, पूर्व सांसद सरोज पांडेय, दुर्ग के सांसद विजय बघेल, भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव वैशालीनगर के विधायक रिकेश सेन, दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरूण वोरा, भिलाई के मेयर नीरज पाल, दुर्ग की महापौर अलका बाघमारे, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे और जनपद अध्यक्ष कृष्णा देवांगन पर अपने असल रंग ढंग में दिखाई देंगे। यह भले मानुष अपने शहर व क्षेत्रों के अपनों पर मुहब्बत के गुलाल अबीर की मिसाइल दागेंगे तो पहुंचे होलियारे भी इन पर रंगों की पिचकारियां चलाएंगे। होली पर इन दिग्गज जन प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र की जनता को मेलमिलाप के त्योहार होली की शुभकामनाएं देते हुए परस्पर मेलमिलाप और सदभाव का संदेश दिया है।

### भूपेश के पदुमनगर निवास में बिखरेगी माटी की खुशबू

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छत्तीसगढ़ी होली का सेलिब्रेशन सबसे अनूठा होता है। इस साल भी वे अपने पदुमनगर स्थित निवास पर इसी दिलचस्प और अपनेपन के माहौल में रंगे दिखाई देंगे। यहां होली सेलिब्रेशन में कार्यकर्ताओं के साथ उनके चाहने वाले भी जुटेंगे । श्री बघेल ने सभी को रंगोत्सव पर समरसता और सदभाव का पैगाम देते हुए कहा कि होली से हम सब प्रेम और मेलजोल की खुशबू से तर होने की प्रेरणा लेते हैं। श्री बघेल के निवास पर भिलाई तीन चरौदा के महापौर निर्मल कोसरे भी इस तिहार में खास तौर पर शामिल होंगे। श्री कोसरे बताते हैं कि रंगोत्सव हमें एक दूसरे के करीब लाना सिखाता है।



### सबके जीवन में खिले इंद्रधनुषी रंगः प्रेमप्रकाश

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय का रंगोत्सव पर सबसे निराला और मस्तीभरा होता है। अपने सेक्टर 4 निवास पर इस यादगार दिवस में वे तो रंगीन दिखाई देते ही हैं, सेलिब्रेशन के लिए आने वाले कार्यकर्ताओं और शहरवासियों का भी उत्साह जोशीला होता है। तीन दशक से अधिक वक्त से चली आ रही यह समृद्ध परंपरा भिलाईयंस को सदभाव की प्रेरणा देती है। श्री पांडेय अपने शुभकामना संदेश में कहा कि होली सभी के जीवन में मेलजोल के साथ इंद्रधनुषी खुशी लाती रहे।



### संसदीय क्षेत्र में छलके खुशी के रंगः विजय

दुर्ग के सांसद विजय बघेल अपने सेक्टर पांच निवास में होली पर रंगों का सैलाब उमड़ेगा। वे संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और जनता के साथ अल्हदा अंदाज में दिखाई देंगे। यह रंग सभी को प्रेम की अविरल रसधारा में तेजी से बहने का संदेश देगा। श्री बघेल ने क्षेत्रवासियों को रंगोत्सव की बधाई देते हुए कहा है कि होली के जज्बे और प्रेम को सदैव अपने ह्दय में स्थाई रुप से संजोकर रखें । हमारे तीज त्योहार यही सिखाते हैं। साथ ही पर्यावरण का भी ध्यान रखें।



### सभी बढ़ाएं प्रेम का भावः गजेंद्र

दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव के निवास पर रंगोत्सव पर संस्कृति के साथ देशप्रेम का रंग भी खूब छलगेगा। कार्यकर्ता तो जुटेंगे ही शहर के आमजन भी पहुंचेंगे। श्री यादव शहरवासियों को होली की बधाई देते हुए कहा कि रंगों का त्योहार हमें प्रेम, एकता और समानता के एकसूत्र में मजबूती से पिरोता है। दुर्ग की परंपरा में यह भाव खूब खुला मिला हुआ है।



### रिकेश लोकांगन में उड़ाएंगे प्रेम का गुलाल

अपने नित नए सेलिब्रेशन से चौंकाने वाले वैशालीनगर के विधायक रिकेश सेन की होली पर एक अलग ही अंदाज और अदा दिखाई देगी। अपने निवास लोकांगन में होलिकादहन के बाद क्षेत्र की जनता को रंगों से सराबोर करेंगे। इसके लिए कार्यकर्ताओं ने भारी तैयारी की है। रिकेश ने क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि मेलमिलाप का यह त्योहार हमें प्रेम और समरसता का पैगाम देता है। भिलाई के लोगों खूब इंजाय के साथ प्रगति करें, यही रंगों का असल स्वभाव है।



### सौहार्द्र से मनाएं होलीः अलका बाघमार

दुर्ग की मेयर अलका बाघमार के लिए होली दोहरी खुशी लेकर आई है। हालिया शहर की मुखिया बनने के साथ रंग पर्व से उनके साथ कार्यकर्ता भी खासे खुश दिखाई देंगे। अपने निवास पर श्रीमती बाघमारे होली रंगोत्सव में जो रंगों का गुलाल उड़ाएंगी, उसमें नगर के विकास का ट्रेलर भी दिखेगा। श्रीमती बाघमार ने शहरवासियों के लिए अपने होली के संदेश में कहा है कि होली प्रेम का अबीर उड़ाने के साथ यह त्यौहार शांति व सौहाद्र के वातावरण में



### होली का उल्लास सदैव बना रहेः ललित



दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर के लिए रंग पर्व प्यार, मेलजोल और बराबरी का संदेश देता है। वे अपने निवास पर कार्यकर्ताओं व आमजनो के साथ होली की खुशियां साझा करेंगे। श्री चंद्राकर बताते हैं कि होली जैसे त्योहार हमारी संस्कृति का संस्कार और श्रृंगार हैं। होली की छटा तो सबसे आकर्षक है। सभी के जीवन में होली का उल्लास सदैव बना रहे।

### हमेशा बना रहे मेलजोल का जज्बाः अरुण



दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा का होली पर वही पुरानी सहज और मिलाप की रंगत दिखाई देगी, जो विधायक रहते हुए दिखाई देती थी। अपने पद्मनाभपुर निवास पर कार्यकर्ताओं और गणमान्यों के साथ होली मिलन यादगार होगा। श्री वोरा बताते हैं कि रंगों का त्योहार होली दुर्गवासियों के जीवन में नई उमंग और खुशी लाए, कामना हर साल करते हैं। होली से सभी को प्रेम और मेल मिलाप का संदेश लेना चाहिए। यह जज्बा सिर्फ त्योहार तक सीमित न रहे बल्कि जीवनभर बनाए रखने की जरुरत है।

### प्रेम का त्योहार है होलीः सरस्वती



दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे के लिए भी होली डबल धमाका है। ताजा ताजा जिला पंचायत की कमान संभालने वालीं श्रीमती बंजारे के लिए होली यादगार है। वे बताती हैं कि शहर के साथ ग्राम्य इलाकों की होली में अपनी माटी की सौंधी महक होती है। रंग गुलाल के साथ नगाड़ों की थाप पर फागगीतों मे राधा कृष्ण के आध्यात्मिक प्रेम का संदेश होता है। उन्होंने जिले को लोगों को त्योहार शांति, प्यार और गरिमा से मनाने के लिए प्रेरित किया है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस सप्ताह मनाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

एसआईएससीओएल प्लांट ने 4 से 12 मार्च तक 54 वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस सप्ताह मनाया। इसके भिलाई प्लांट, वडोदरा प्लांट और हैदराबाद प्लांट में कर्मचारियों और श्रमिकों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। इस सप्ताह में सुरक्षा जागरूकता के अलावा, मजदूरों को अग्निशमन प्रशिक्षण दिया गया, 341 एसआईएससीओएल कामगारों को टाइटैनस इंजेक्शन दिया गया। रक्तदान का बड़ा अभियान चलाया गया। 116 से अधिक कामगारों ने रक्तदान किया। समापन समारोह में सुरक्षा शपथ ली गई और उसके बाद सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता के विजेता और सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा कर्मियों को पुरस्कार वितरित किए गए। अंत में कंपनी के सीओओ/निदेशक वाईएस रेड्डी के साथ सुरक्षा प्रमुख श्री आरपी पाढ़ी, मानव संसाधन प्रमुख अनुज माथुर, प्लांट हेड अनिल मिश्रा, खरीद प्रमुख दीपांकर भट्टाचार्य और अन्य वरिष्ठ कर्मचारियों और श्रमिकों की उपस्थिति में वर्ष के लिए सुरक्षा ध्वज फहराया गया।उमंग और उत्साह से परिपूर्ण यह रंगोत्सव आपके जीवन में खुशियों के नए रंग भरे और आप सभी जीवन में नित नई सफलता अर्जित करें, यही ईश्वर से मेरी कामना है।

# जमीन के फजीवाड़े के मामले में जोन अध्यक्ष जलंधर सिंह को हाईकोर्ट से मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

हाईकोर्ट ने जमीन के फर्जीवाड़े के आरोप में जेल में बंद पार्षद व जोन अध्यक्ष संतोष सिंह उर्फ जलंधर को जमानत दे दी है। जलंधर 10 मार्च को अपने पूर्व के मामले में जमानत की जानकारी देने थाने पहुंचा था, लेकिन पुलिस ने उसे 4 मार्च को दर्ज किए गए धोखाधड़ी के केस में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस दौरान थाने में एसआई अमित अदानी और सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी मौजूद थे। जलंधर ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताकर कोर्ट में निजी परिवाद दायर किया था। इसी परिवाद की सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसे जमानत पर रिहा कर दिया।



▪ पार्षद की गिरफ्तारी मामले में टीआई, सीएसपी को कोर्ट ने जारी किया नोटिस

### एसआई और सीएसपी को नोटिस

संतोष सिंह उर्फ जलंधर के अधिवक्ता बीपी सिंह ने बताया कि कोर्ट ने एसआई और सीएसपी को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने आदेश की कॉपी डीजीपी, जिला जज और मजिस्ट्रेट को सीधे भेजी है। कोर्ट ने डीजीपी को पूरे मामले की मॉनीटरिंग करने के साथ एसआई के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस पूरे मामले में एक अन्यं एसआई को लाइन अटैच भी बुधवार को किया गया है। सिंह ने बताया कि जिस एफआईआर के आधार पर मुव्वकिल को गिरफ्तार किया गया, उसमें उसका नाम ही नहीं था। पूरे मामले की शुरुआत 2023 में हुई थी। पुलिस ने एम धनराजू और अरविंद के खिलाफ केस दर्ज किया था। जलंधर का नाम निचली अदालत दे दी। उसके बाद उक्त एफआईआर को समाप्त करने के याचिका लगाई थी। इस पर हाईकोर्ट ने एसपी को अब तक चालान कोर्ट में पेश नहीं होने पर शपथ पत्र प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। शपथ पत्र जमा करने के बाद कोर्ट की डबल बैंच ने डीजीपी को नोटिस जारी किया था। पुलिस ने इस मामले में करीब 17 लोगों को गिरफ्तार किया था। डीजीपी ने इस मामले में 5 पुलिसकर्मियों को निंदा सजा भी सुनाई थी। इसी का बदला लेने के लिए पुलिसकर्यिमों ने जलंधर को अवैध तरीके से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

# प्राचार्य सीधी भर्ती के लिए विभागीय परीक्षा की प्रक्रिया हो अविलंब प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

स्कूल शिक्षा विभाग में प्राचार्य के लगभग 03 हजार पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया होने पर सेल शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। स्कूल शिक्षा विभाग में विद्यालयों तथा विद्यार्थियों को योग्य, अनुभवी एवं पूर्णकालिक 2934 प्राचार्य तो मिलेंगे ही साथ ही शिक्षाकर्मी के रूप में प्रथमतः नियुक्त कर्मचारियों को प्राचार्य तथा भविष्य में विभाग के उच्च प्रशासनिक पदों पर सेवा का सुअवसर मिलेगा।

शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने प्राचार्य पदोन्नति की वर्तमान प्रक्रिया को शालेय शिक्षक संघ की संविदा शिक्षक से प्रारंभ सफर का ऐतिहासिक व सुखद पड़ाव की संज्ञा देते हुए बताया कि संविदा शिक्षक के रूप में सेवा प्रारंभ करने वाले उनके लगभग 70 साथी भी 2005 में शिक्षाकर्मी के रूप में पद परिवर्तन तथा 2018 में संविलियन प्राप्त कर, अब प्राचार्य बनने जा रहे हैं।* यह शालेय शिक्षक संघ के सदस्यों की संगठन के प्रति प्रतिबद्धता, कर्मठता व नेतृत्व के ईमानदार प्रयास का परिणाम है, इसमें सभी का त्याग और सैकड़ों साथियों का बलिदान सर्वोपरि है।

कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी एवं प्रदेश महासचिव धर्मेश शर्मा ने बताया कि उनके संगठन तथा प्रांतीय नेतृत्व ने सतत प्रयास व सक्रिय योगदान देकर प्राचार्य पदोन्नति की प्रक्रिया को इस पड़ाव तक पहुंचाने में विभाग का सहयोग किया है। संगठन डी पी सी की प्रक्रिया लगभग दो महीनों में पूर्ण करने के लिए लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष, सदस्य व सचिव, अधिकारियों, कर्मचारियों व शिक्षा विभाग के सचिव, संचालक, उपसंचालक, सहायक संचालक व कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया है।



▪ पदोन्नति होने पर शालेय शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री का जताया आभार




## सीटू ने बीएसपी के बोरिया गेट में किया सेलव्यापी प्रदर्शन

# वेतन समझौता में प्रबंधन लगा रहा अड़ंगा, बढ़ा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

99 माह बीत जाने के बाद भी सेल कर्मचारियों का वेतन समझौते से जुड़े लंबित मुद्दों का निराकरण सहित 39 माह के एरियर, एचआरए,एचए पर्क्स का 50% राशि में छूट,19 माह के पर्क्स का एरियर. ठेका कर्मियों के वेतने समझौता आदि मांगों के निदान के लिए । इस सम्बंध में तत्काल एनजेसीएस बैठक बुलाने की मांग को लेकर सीटू ने सेलव्यापी प्रदर्शन किया। इसके तहत यूनियन द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के बोरिया गेट पर प्रदर्शन कर डायरेक्टर इंचार्ज के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

### गठजोड़ की देन है एकतरफा सीलिंग

ग्रेच्युटी को एकतरफा और अनैतिक रूप से सीमित किया गया है और सभी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय बड़े नुकसान का सामना करना पड़ेगा। बकाया भुगतान न करने से पीएफ राशि में नुकसान और पेंशन की गणना को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रहा है। कर्मचारियों को कम सेवानिवृत्ति लाभ के साथ कठिन सेवानिवृत्ति जीवन की ओर धकेल रहे हैं। हायर पेंशन भी जल्द लागू करें। ठेका मजदूरों को भी जल्द वेतन समझौता हो।



### यह हैं प्रमुख मांगें

सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों का निजीकरण बंद हो, वेतन संशोधन सहित 39 महीनों के बकाया भुगतान, भत्तों के बकाया भुगतान, एचआरए, एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि, संविदा श्रमिकों की मांगों का समाधान, प्रोत्साहन योजना (इंसेंटिव स्कीम) की समीक्षा, मानव संसाधन की भर्ती, आधुनिकीकरण और विस्तार परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू करना, प्रशिक्षुओं के लिए रात्रि पाली भत्ता को स्थाई कर्मियों के साथ समानता और कार्यस्थल में सुरक्षा सुनिश्चित करना और पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करनें।

सीटू नेताओं ने कहा कि 30 जून 2021 की हड़ताल के बदौलत ही हमें 26.5% पर्क्स मिल रहा है अन्यथा प्रबंधन तो 15% पर्क्स भी देने के लिए तैयार नहीं था। वेतन समझौता पूर्ण होते तक सीटू का स्वतंत्र एवं संयुक्त आंदोलन जारी रहेगा। सेल ऐसा पहला उद्योग होगा जहां 99 महीना बीत जाने के बाद भी वेतन समझौता पूर्ण नहीं हो सका है प्रबंधन बैठक बुलाने में आनाकानी करता है अड़ंगे बाजी करने लगता है। केंद्र सरकार के द्वारा थोपे गए अफॉर्डेबिलिटी क्लास के निर्देश एवं इशारे पर हो रहा है।99 महीना बीत जाने के बाद भी वेतन समझौता संपन्न नहीं होने से कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है।

